## PART III / भाग III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

*Directions : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**61.** Bronze is a mixture of two metals. These two metals are

(1) Copper and Zinc
(2) Copper and Tin
(3) Copper and Iron
(4) Aluminium and Tin

**62.** Select from the following a group that comprises of methods of cooking food :

(1) Boiling, Kneading, Roasting
(2) Baking, Boiling, Rolling
(3) Frying, Soaking, Roasting
(4) Baking, Frying, Roasting

**63.** Select the correct statement about Mount Everest :

(1) It is a part of Jammu and Kashmir and the height of its peak is 8900 m.
(2) It is a part of Nepal and the height of its peak is 8900 m.
(3) It is a part of India and the height of its peak is 9850 m.
(4) It is a part of Tibet and the height of its peak is 9850 m.

**64.** "Desert Oak" is a tree whose roots go deep into the ground till they reach water. The depth of these roots is nearly 30 times the height of the tree. This tree is found in

(1) Rajasthan
(2) Abu Dhabi
(3) Australia
(4) Russia

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**61.** काँसा (ब्राँज) दो धातुओं का मिश्रण है । ये दो धातुएँ हैं

(1) ताँबा और जस्त (ज़िंक)
(2) ताँबा और टिन
(3) ताँबा और लोहा (आयरन)
(4) ऐलुमिनियम और टिन

**62.** निम्नलिखित समूहों में से उस समूह को चुनिए जिसमें खाना पकाने के तरीके (ढंग) दिए गए हैं :

(1) उबालकर, गूँधकर, भूनकर
(2) सेंककर, उबालकर, बेलकर
(3) तलकर, भिगोकर, भूनकर
(4) सेंककर, तलकर, भूनकर

**63.** माउन्ट एवरेस्ट के बारे में सही कथन चुनिए :

(1) यह जम्मू और कश्मीर का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 8900 मीटर है ।
(2) यह नेपाल का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 8900 मीटर है ।
(3) यह भारत का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 9850 मीटर है ।
(4) यह तिब्बत का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 9850 मीटर है ।

**64.** "रेगिस्तानी ओक" एक पेड़ का नाम है जिसकी जड़ें उस गहराई तक जमीन में भीतर जाती हैं जब तक कि पानी तक न पहुँच जाएँ । इस पेड़ की जड़ों की गहराई इस पेड़ के ऊँचाई की लगभग 30 गुनी होती है । यह पेड़ कहाँ पाया जाता है ?

(1) राजस्थान
(2) आबू धाबी
(3) ऑस्ट्रेलिया
(4) रूस

65. A train started from Gandhidham on $16^{th}$ July, 2014 at 05:15 hours and reached Nagercoil on $18^{th}$ July, 2014 at 04:45 hours. The distance covered by the train is 2649 km. The average speed of the train, in km/hr, is nearly

(1) 57

(2) 56

(3) 55

(4) 54

66. Which is the best period for the people of Bihar state to start bee-keeping ?

(1) January to March

(2) April to June

(3) July to September

(4) October to December

67. Select the correct statements about the 'Khejadi' tree :

a. This tree is mainly found in desert areas.

b. It grows without much water.

c. It is a shady tree and children like to play in its shade.

d. It stores water in its trunk and people use thin pipes to drink this water.

(1) a, b and c

(2) b, c and d

(3) a, c and d

(4) a, b and d

68. Which one of the following statements is correct about elephants ?

(1) Elephants like to take too much rest because of their heavy bodies.

(2) A three-month-old baby elephant generally weighs about 2 quintals.

(3) An adult elephant can eat even more than 2 quintals of leaves and twigs in one day.

(4) Elephants sleep for 8 to 10 hours in a day.

65. कोई रेलगाड़ी गाँधीधाम से 16 जुलाई, 2014 को प्रात: 05:15 बजे स्टेशन छोड़कर 18 जुलाई, 2014 को प्रात: 04:45 बजे नागरकोइल स्टेशन पर पहुँचती है । रेलगाड़ी द्वारा चली गई दूरी 2649 किमी है । इस रेलगाड़ी की औसत चाल, किमी/घंटा में, लगभग है

(1) 57

(2) 56

(3) 55

(4) 54

66. बिहार राज्य के लोगों के लिए मधुमक्खी पालन शुरू करने की सबसे अच्छी अवधि कौन-सी होती है ?

(1) जनवरी से मार्च

(2) अप्रैल से जून

(3) जुलाई से सितम्बर

(4) अक्टूबर से दिसम्बर

67. 'खेजड़ी' वृक्ष के बारे में सही कथनों को चुनिए

a. यह वृक्ष मुख्यत: रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाया जाता है ।

b. इसे अधिक जल की आवश्यकता नहीं होती ।

c. यह छायादार वृक्ष है जिसकी छाया में बच्चे खेलना पसंद करते हैं ।

d. यह अपने तने में जल एकत्र करता है और लोग पतले पाइप से इस जल को पीते हैं ।

(1) a, b और c

(2) b, c और d

(3) a, c और d

(4) a, b और d

68. हाथियों के विषय में नीचे दिया गया कौन-सा कथन सही है ?

(1) हाथी अपना अत्यधिक भार होने के कारण बहुत आराम करना पसन्द करते हैं ।

(2) तीन महीने के हाथी के बच्चे का भार सामान्यत: लगभग 2 क्विंटल होता है ।

(3) वयस्क हाथी एक दिन में 2 क्विंटल से भी अधिक पत्ते और झाड़ियाँ खा सकता है ।

(4) हाथी दिन में 8 से 10 घंटे सोते हैं ।

69. Read the following paragraph written by a student about his house in a village :

"I have come from a village. It rains heavily at our place. Hence our houses are made almost 10 to 12 feet (3 to 3·5 metres) above the ground. They are made on bamboo pillars. The inner sides of our houses are also made of wood."

This village must be in

(1) Andhra Pradesh

(2) Assam

(3) Tamil Nadu

(4) Uttarakhand

70. In Braille script, rows of raised dots are made on a thick paper. This script is based on

(1) 4 points

(2) 6 points

(3) 8 points

(4) 10 points

71. Which one of the following birds can rotate its neck backwards to a large extent ?

(1) Mynah

(2) Owl

(3) Crow

(4) Koel

72. In which of the following parts of our country do people grow eatables such as tapioca and coconut in their courtyards and they find food prepared using these to be very tasty ?

(1) Andhra Pradesh

(2) Assam

(3) Goa

(4) Kerala

69. नीचे दिया गया पैराग्राफ़ पढ़िए जिसे गाँव के एक छात्र ने अपने घर के विषय में लिखा है :

"मैं गाँव से आया हूँ । हमारे गाँव में अत्यधिक वर्षा होती है । इसलिए हमारे घर धरती से लगभग 10 से 12 फुट (3 से 3·5 मीटर) ऊँचे बने होते हैं । इन्हें मज़बूत बाँस के खंभों पर बनाया जाता है । ये घर अन्दर से भी लकड़ी के बने होते हैं ।"

यह गाँव होना चाहिए

(1) आंध्र प्रदेश में

(2) असम में

(3) तमिल नाडु में

(4) उत्तराखण्ड में

70. ब्रेल लिपि में, मोटे काग़ज़ पर उभरे हुए बिन्दु बने होते हैं । यह लिपि आधारित होती है

(1) 4 बिन्दुओं पर

(2) 6 बिन्दुओं पर

(3) 8 बिन्दुओं पर

(4) 10 बिन्दुओं पर

71. निम्नलिखित पक्षियों में से कौन काफी हद तक अपनी गर्दन को पीछे तक घुमा सकता है ?

(1) मैना

(2) उल्लू

(3) कौआ

(4) कोयल

72. हमारे देश के नीचे दिए गए किस भाग में खाने की चीज़ें जैसे टैपिओका और नारियल को लोग अपने घर के आँगन में ही उगाते हैं और उन्हें इनसे बने खाने का स्वाद बहुत अच्छा लगता है ?

(1) आंध्र प्रदेश

(2) असम

(3) गोवा

(4) केरल

73. A doctor prescribed some medicines to a patient and also suggested him to eat jaggery, amla and more green leafy vegetables. This patient must be suffering from

(1) Fever
(2) Typhoid
(3) Malaria
(4) Anaemia

74. Some birds can see four times as far as we can see. These birds are

(1) Crows, Kites, Nightingales
(2) Eagles, Pigeons, Parrots
(3) Kites, Eagles, Vultures
(4) Doves, Crows, Peacocks

75. With respect to the location of Delhi on the map of India, the capital of Himachal Pradesh (Shimla) and the capital of Madhya Pradesh (Bhopal) are located respectively in its

(1) North-East and North-West
(2) South-West and South-East
(3) North and South
(4) South-East and North-West

76. The abbreviation EVS stands for

(1) Environmental Skills
(2) Environmental Science
(3) Environmental Sources
(4) Environmental Studies

77. Which one of the following is ***not*** an objective of teaching of EVS at primary stage ?

(1) Learning in the classroom must be linked to the life outside the school
(2) Teachers must ensure perfect discipline in the classroom
(3) Children must be encouraged to ask questions
(4) Children must be encouraged to explore their immediate environment

73. कोई डॉक्टर एक मरीज़ को खाने के लिए कुछ दवाइयाँ लिखता है और साथ ही गुड़, आँवला और हरी पत्तेदार सब्जियाँ ज़रूर खाने का सुझाव देता है । यह मरीज़ किस रोग से पीड़ित होना चाहिए ?

(1) बुख़ार
(2) मियादी बुख़ार
(3) मलेरिया
(4) अनीमिया

74. कुछ पक्षी हमारी तुलना में चार गुनी अधिक दूरी तक देख सकते हैं । ये पक्षी हैं

(1) कौआ, चील, बुलबुल
(2) बाज़, कबूतर, तोता
(3) चील, बाज़, गिद्ध
(4) फ़ाख़ता, कौआ, मोर

75. भारत के मानचित्र में दिल्ली की स्थिति के सापेक्ष हिमाचल प्रदेश की राजधानी (शिमला) और मध्य प्रदेश की राजधानी (भोपाल) क्रमश: स्थित हैं दिल्ली के

(1) उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम में
(2) दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व में
(3) उत्तर और दक्षिण में
(4) दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम में

76. ई.वी.एस. संक्षेपण ________ अर्थ में प्रयुक्त होता है ।

(1) एनवायरन्मेंटल स्किल्स
(2) एनवायरन्मेंटल साइंस
(3) एनवायरन्मेंटल सोर्सेज़
(4) एनवायरन्मेंटल स्टडीज़

77. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) कक्षा-कक्ष में होने वाले अधिगम को विद्यालय के बाहर की दुनिया के साथ जोड़ना
(2) शिक्षक कक्षा-कक्ष में कड़े अनुशासन को सुनिश्चित करें
(3) बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए
(4) बच्चों को अपने निकटतम परिवेश से परिचय प्राप्त करने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए

78. Aanchal frequently asks probing and imaginative questions in her Class V EVS class. By doing so, she aims at improving

(1) observation skills

(2) emotional skills

(3) thinking skills

(4) speaking skills

79. While teaching the topic on 'Our friend – Birds' to Class III students, Nalini followed the following methodologies :

a. Showing a documentary film on birds.

b. Using a chart having pictures of different birds and explaining briefly.

c. Taking the students to the nearby park and asking them to observe the birds carefully.

Nalini is using different approaches of learning in order to

(1) follow her lesson plan

(2) meet different requirements of learners having multiple intelligences

(3) impress other teachers and parents

(4) promote reasoning skills in the students

80. Which one of the following teaching strategies will be more effective for maximum involvement of students in teaching the topic of 'Games we play' ?

(1) Take the students to the play-field and make them play different games on different days

(2) Make play-cards of different games and show it to students

(3) Ask the students to learn the names of different indoor and outdoor games

(4) Ask the students to watch sports programmes on television and prepare a simple project on the same

78. आँचल अपनी कक्षा V में पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अकसर गहन जाँच-पड़ताल वाले और कल्पनापरक प्रश्न पूछती है । उसके द्वारा इस प्रकार करने का उद्देश्य ____________ सुधार करना है ।

(1) अवलोकन कौशलों में

(2) संवेगात्मक कौशलों में

(3) चिंतन कौशलों में

(4) बोलने सम्बन्धी कौशलों में

79. कक्षा III के शिक्षार्थियों को 'हमारे दोस्त – पक्षी' प्रकरण पढ़ाते समय नलिनी नीचे दी गई पद्धति का प्रयोग करती है :

क. पक्षियों पर आधारित वृत्त-चित्र दिखाना ।

ख. विभिन्न पक्षियों की तस्वीरों वाले चार्ट का प्रयोग करना और संक्षेप में उनका वर्णन करना ।

ग. शिक्षार्थियों को नज़दीक के पार्क में ले जाना और उनसे पक्षियों को ध्यान से देखने के लिए कहना ।

नलिनी किस प्रयोजन के लिए सीखने के विभिन्न उपागमों का प्रयोग कर रही है ?

(1) अपनी पाठ-योजना का पालन करना

(2) बहुबुद्धि वाले शिक्षार्थियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करना

(3) दूसरे शिक्षकों और अभिभावकों को प्रभावित करना

(4) शिक्षार्थियों में तर्कशक्ति का विकास करना

80. 'खेल जो हम खेलते हैं' प्रकरण के शिक्षण में शिक्षार्थियों की अधिकतम भागीदारिता के लिए निम्न में से कौन-सी शिक्षण-युक्ति अधिक प्रभावी होगी ?

(1) शिक्षार्थियों को खेल के मैदान में ले जाना और उन्हें अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खेल खिलाना

(2) विभिन्न खेलों के खेल-कार्ड बनाना और उन्हें शिक्षार्थियों को दिखाना

(3) शिक्षार्थियों को भीतर और बाहर खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के नाम याद करने के लिए कहना

(4) शिक्षार्थियों को टेलीविज़न पर खेल सम्बन्धी कार्यक्रमों को देखने और उस पर आधारित सामान्य परियोजना कार्य बनाने के लिए कहना

81. Which one of the following is ***not*** a suitable Formative Assessment task in EVS ?

(1) Explain the definitions of important terms given in the lesson

(2) Perform the given practical activity and record your observations

(3) Draw labelled diagram of given experimental set-up

(4) Discuss disadvantages of water pollution

81. निम्न में से कौन-सा पर्यावरण की कक्षा में रूपात्मक आकलन का समुचित कार्य ***नहीं*** है ?

(1) पाठ में दी गई महत्त्वपूर्ण शब्दावली की परिभाषा की व्याख्या करना

(2) दिए गए प्रयोगात्मक क्रियाकलापों को पूरा करना और अपने अवलोकन को दर्ज़ करना

(3) दिए गए प्रयोगात्मक प्रारूप के चिह्नांकन वाले आरेख बनाना

(4) जल प्रदूषण की हानियों के बारे में चर्चा करना

82. After teaching the lesson on animals, Sheetal arranged a visit of her Class IV students to the zoo. This would help the students to

(1) develop skills of animal protection

(2) have a change in the daily time-table routine

(3) co-relate classroom learning to real-life situations

(4) develop sensitisation about how to domesticate animals

82. जीव-जंतुओं पर आधारित पाठ को पढ़ाने के बाद, शीतल कक्षा IV के शिक्षार्थियों के लिए चिड़ियाघर के भ्रमण का आयोजन करती है । यह ________ में शिक्षार्थियों की मदद करेगा ।

(1) जीव-जंतु संरक्षण के कौशलों के विकास

(2) दैनिक समय-सारिणी की चर्या में बदलाव

(3) कक्षा-कक्षीय अधिगम को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों के साथ जोड़ने

(4) जीव-जंतुओं को पालतू कैसे बनाया जाए इसके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने

83. Shalini wants to introduce the topic on 'Nutrition' to her Class V students. She should

(1) draw the diagram of the digestive system on the black-board

(2) give examples of different foods rich in nutrients

(3) use chart showing different kinds of foods

(4) ask the students to open their tiffin boxes, see the contents, followed by her explanation

83. शालिनी कक्षा V के शिक्षार्थियों को 'पोषण' पर आधारित प्रकरण से परिचित कराना चाहती है । उन्हें

(1) श्यामपट्ट पर पाचन तंत्र का आरेख बनाना चाहिए

(2) पोषक तत्त्वों से भरपूर विभिन्न प्रकार के भोजन के उदाहरण देने चाहिए

(3) विभिन्न प्रकार के भोजन को प्रदर्शित करने वाले चार्ट का प्रयोग करना चाहिए

(4) शिक्षार्थियों से कहना चाहिए कि वे अपने-अपने टिफिन बॉक्स खोलें, उसके तत्त्वों का अवलोकन करें और उसके बाद उन्हें व्याख्या करनी चाहिए

84. Rashmi was taught the following steps (not in sequence) to be followed while preparing a question paper :

i. Writing the questions

ii. Preparing the design

iii. Editing the question paper

iv. Preparing the blueprint

The correct sequence of steps to be followed is

(1) iv, ii, i, iii

(2) ii, iv, i, iii

(3) iv, i, ii, iii

(4) i, ii, iv, iii

85. Harpreet wants to suggest to her students as to how an individual can contribute in the best possible way towards environmental protection. Her best suggestion would be

(1) use public transport system for travelling

(2) do not keep a personal vehicle like car, scooter, etc

(3) avoid frequent travel outside the home

(4) get the engine of personal vehicle checked regularly

86. Out of the following, the most effective way to arouse curiosity in Class V students is to

(1) provide more hands-on experiences

(2) give them more practice in written work

(3) conduct frequent unit tests

(4) ask probing and imaginative questions

87. Asking the question "How will our life get affected if there were no electricity for a month ?" aims at

(1) sensitizing the students on using electricity judiciously

(2) assessing the students on sources of electricity

(3) promoting imaginative and thinking skills of students

(4) assessing the students on their general awareness

84. रश्मि को यह सिखाया जाता है कि वह प्रश्न-पत्र बनाते समय निम्न चरणों (क्रम में नहीं हैं) का अनुपालन करें :

i. प्रश्न लिखना

ii. रूपरेखा/डिज़ाइन तैयार करना

iii. प्रश्न-पत्र का संपादन करना

iv. ब्लू-प्रिंट तैयार करना

अनुपालन किए जाने वाले चरणों का सही क्रम कौन-सा है ?

(1) iv, ii, i, iii

(2) ii, iv, i, iii

(3) iv, i, ii, iii

(4) i, ii, iv, iii

85. हरप्रीत अपने शिक्षार्थियों को यह सुझाव देना चाहती हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किस प्रकार एक व्यक्ति सबसे अच्छे संभावित तरीके से अपना योगदान दे सकता है । उनका सबसे बेहतर सुझाव हो सकता है

(1) आने-जाने के लिए सार्वजनिक साधनों का प्रयोग करना

(2) कार, स्कूटर, आदि जैसे व्यक्तिगत वाहन न रखें

(3) घर से बाहर अकसर आने-जाने से बचना

(4) अपने व्यक्तिगत वाहन के इंजन की नियमित जाँच

86. कक्षा V के शिक्षार्थियों में जिज्ञासा जाग्रत करने का निम्न में से सबसे प्रभावी तरीका है

(1) अधिक हस्तपरक अनुभव प्रदान करना

(2) लिखित कार्य में उन्हें अधिक अभ्यास देना

(3) अकसर इकाई परीक्षणों का आयोजन करना

(4) गहन जाँचपरक और कल्पनापरक प्रश्न पूछना

87. "यदि एक महीने के लिए बिजली न हो तो हमारा जीवन किस प्रकार प्रभावित होगा ?" इस प्रश्न को पूछने का उद्देश्य है

(1) समुचित तरीके से बिजली का प्रयोग करने के प्रति शिक्षार्थियों को संवेदनशील बनाना

(2) बिजली के स्रोतों के बारे में शिक्षार्थियों का आकलन करना

(3) शिक्षार्थियों के कल्पनापरक और चिंतनपरक कौशलों का विकास करना

(4) शिक्षार्थियों की सामान्य जानकारी का आकलन करना

88. The section on 'Survey and Write' in some chapters of EVS textbook for Class V primarily aims at

(1) assessing the students on their general awareness

(2) providing opportunity to students to explore and learn

(3) helping the students to learn basic concepts of the subject

(4) improving practical skills of students

89. Gunjan organises the following activities on different days to sensitise students to the concept of conservation of trees :

a. Encouraging every student to adopt a tree and look after it

b. Organizing a debate on forest conservation

c. Organizing a poster-making competition on trees

d. Showing children storage of logs of wood

Which one of the above activities will be least effective in achieving the desired objective ?

(1) a

(2) b

(3) c

(4) d

90. After having taught the lesson 'What if it finishes' to Class V students, Sheela administered a test to know the level of understanding of students about the topic. To her surprise, she observed that large number of students had not understood the related concepts. This could be mainly due to the reason that

(1) she did not use the correct methodology to teach the topic

(2) the cognitive level of students was not good

(3) the topic was not suitable for inclusion in the textbook

(4) students did not find the topic interesting

88. कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक के एक पाठ में 'सर्वेक्षण और लेखन' पर एक भाग का मुख्य उद्देश्य है

(1) शिक्षार्थियों की सामान्य जानकारी का आकलन करना

(2) शिक्षार्थियों को अवसर उपलब्ध कराना कि वे चीज़ों को खोजें और सीखें

(3) विषय की आधारभूत अवधारणाओं को सीखने में शिक्षार्थियों की मदद करना

(4) शिक्षार्थियों के व्यावहारिक कौशलों में सुधार करना

89. वृक्ष संरक्षण की अवधारणा के बारे में शिक्षार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए गुंजन निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन करती है :

क. प्रत्येक शिक्षार्थी को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना कि वे एक-एक वृक्ष को अपनाएँ और उसकी देखभाल करें

ख. वन-संरक्षण पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करना

ग. वृक्षों पर आधारित पोस्टर-निर्माण सम्बन्धी प्रतियोगिता का आयोजन करना

घ. शिक्षार्थियों को कटी लकड़ियों के भंडार दिखाना

वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में ऊपर दी गई गतिविधियों में से कौन-सी सबसे कम प्रभावी होगी ?

(1) क

(2) ख

(3) ग

(4) घ

90. कक्षा V के शिक्षार्थियों को 'यदि यह समाप्त हो जाए' पाठ पढ़ाने के बाद शीला प्रकरण के बारे में शिक्षार्थियों की समझ के स्तर के बारे में जानने के लिए एक परीक्षण प्रशासित करती है । उसे यह जानकर आश्चर्य होता है कि एक बड़ी संख्या में शिक्षार्थी सम्बन्धित अवधारणा को नहीं समझ पाए । इसका प्रमुख कारण हो सकता है

(1) उसने प्रकरण को पढ़ाने के लिए सही पद्धति का प्रयोग नहीं किया था

(2) शिक्षार्थियों का संज्ञानात्मक स्तर अच्छा नहीं था

(3) यह प्रकरण पाठ्य-पुस्तक में शामिल किए जाने योग्य नहीं था

(4) शिक्षार्थियों को यह प्रकरण रोचक नहीं लगा